Regarding allocation of MP Fund for Sports infrstructures, equipments in Village to promote talent therein

श्री विजय कुमार दूबे **(कुशीनगर) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से खेलकूद मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ । हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश में खेल और खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहन देने का काम किया है । खेलकूद से जुड़ने के कारण इस देश ने आज अभूतपूर्व सफलता पाई है, चाहे वह ओलम्पिक गेम्स हों, चाहे एशियाड गेम्स हों ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप अपनी बात कहें । आप क्या कहना चाहते हैं?

श्री विजय कुमार दूबे **:** महोदय, खेलकूद के बारे में कहना चाहता हूँ ।

माननीय अध्यक्ष **:** तो आप उसके बारे में कहें, लम्बा भाषण न दें ।

श्री विजय कुमार दूबे **:** हमारे देश ने खेलकूद में निरंतर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है । मैं आपके माध्यम से इस बात को रखना चाहता हूँ कि ग्रामीण अंचलों में इस तरह की अभूतपूर्व सफलताओं के क्रम में, गांव-गांव में मिनी स्टेडियम्स के निर्माण तो कराए गए, लेकिन ग्रामीण अंचलों से भी प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिले, इसके लिए उपकरण की भी आवश्यकता है । मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि उनके लिए उपकरणों की आवश्यकता को पूरा करने में हम लोगों की सांसद निधि की राशि आवंटित करने का प्रावधान करें ताकि ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाएं भी इस देश के सम्मान को आगे बढ़ाने का काम करें । धन्यवाद ।